चक्कीखमरिया में लगातार चोरियों से ग्रामीणों में दहशत

पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग : भैंस चोरी के मामले में तत्काल एफआईआर और जांच नहीं होने का आरोप, बादलपार चौकी पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

सिवनी नवभारत। जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बादलपार चौकी के ग्राम चक्कीखमरिया में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर चोरियों पर शीघ्र अंकुश लगाने तथा भैंस चोरी सहित अन्य मामलों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि वह एक गरीब किसान है और भैंसों का दूध बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। 29 जुलाई 2026 को उसके घर से तीन भैंस, एक पड़िया और एक बोदा चोरी हो गए। इसकी सूचना देने पर बादलपार चौकी में आवेदन तो ले लिया गया, लेकिन तत्काल एफआईआर दर्ज करने के बजाय शाम को आने के लिए कहा गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि यदि तत्काल प्रकरण दर्ज कर घटनास्थल पर मौजूद पैरों के निशानों के आधार पर जांच शुरू की जाती, तो आरोपियों तक पहुंचना संभव हो सकता था।

ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो-तीन महीनों में चक्कीखमरिया में कई चोरी की घटनाएं हुई हैं, लेकिन किसी भी मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत के अनुसार 4 मार्च 2026 को हंसा यादव के घर से सात बकरियां चोरी हुईं, 16 जुलाई को भोजराज गोस्वामी के यहां से 50 बोरी यूरिया और 8 बोरी एनपीके खाद चोरी हुई, वहीं उसी

दिन पंकज बाजपेयी के खेत की मोटर से कॉपर वायर भी चोरी कर लिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इन मामलों में भी न तो प्रभावी जांच हुई और न ही शिकायतकर्ताओं को एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराई गई।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लगातार हो रही चोरियों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं और क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन गया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से भैंस चोरी के मामले में तत्काल जांच कराने, पूर्व की चोरियों का खुलासा करने तथा क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाकर चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है।

दिनदहाड़े लाखों की चोरी

ग्रामीणों ने यह भी उल्लेख किया कि कुरई थाना क्षेत्र के कलबोडी गांव में भी एक सप्ताह के भीतर दो चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें किसान कमल साहू के घर दिनदहाड़े लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी होने की घटना ने क्षेत्रवासियों की चिंता और बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से पूरे क्षेत्र में चोरी की बढ़ती वारदातों पर सख्त कार्रवाई कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील की है।

भवन नहीं तो केवल अतिरिक्त कक्ष ही मिल जाए..

उगली नवभारत। जिले के अंतिम सीमा पर स्थित उप तहसील उगली जो इस पूरे क्षेत्र की शान है, यहां शासकीय हाई स्कूल उगली जो संचालित हो रहा है, यहां की सबसे गंभीर विडंबना इस विद्यालय की यह है, कि यह विद्यालय अतिरिक्त कक्षों में संचालित हो रहा है।

इसके पूर्व में प्रकाशित समाचार पत्रों में उल्लेख किया गया है, कि शासकीय हाई स्कूल कन्या एवं बालक हाई स्कूल संयुक्त रूप से एक ही स्थान पर लगाया जा रहा है। यहां बालकों के लिये प्रसाधन की व्यवस्था नहीं है, वैकल्पिक स्तर पर बहुत सी समस्याओं के साथ स्कूल लगाया जा रहा है।

जबकी इस विद्यालय के रिजल्ट की विगत 5 वर्षों में बात की जाए तो सुपर हंड्रेड से लेकर हायर सेकेंडरी, हाई स्कूल में उच्चतम अंक अर्जित कर छात्राओं ने इस विद्यालय का नाम को भी गौरवान्वित किया है, अभी हाल ही में नीट परीक्षा में कुमारी घनिष्ठा रांहगडाले ने उच्चतम अंक हासिल करते हुए और इसके दो वर्ष पूर्व सुपर हंड्रेड में अपना नाम दाखिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है। शिक्षा के स्तर की बात करें तो यहां पर महिला और पुरुष शिक्षकों के अनुशासन और संस्कार को ग्रहण कर छात्र-छात्राएं आगे की पढ़ाई के लिए महानगरों में जाकर हाई स्कूल का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं।

ऑनलाइन पोर्टल में दिखाई देती है हायर सेकेंडरी की बिल्डिंग

जो वर्ष 1987 में हायर सेकेंडरी भवन के लिए प्रस्तावित हुआ था, लेकिन क्षेत्रीय, स्थानीय नेताओं की मनसा अनुसार यह भवन उगली से 20 किलोमीटर दूर सकरी ग्राम में स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसकी वजह से आज भी ऑनलाइन पोर्टल में यदि देखा जाए तो गली में हायर सेकेंडरी स्कूल का भवन इंडिकेट होता है। इस आधार पर भी यदि बात करें तो लगभग 2 से 3 दशक बीत चुके हैं, अगर भवन बना भी होता तो उसको डिस्मेंटल करना पड़ता।

इसके निकट हायर सेकेंडरी मोहबर्रा जो इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है, स्कूल भवन को डिस्मेंटल करने के लिए लगभग पौने नौ लाख रुपए की राशि की अनुशंसा कलेक्टर से की गई है, लेकिन उगली हाई स्कूल के लिए किसी का ध्यान नहीं है, संबंधित विभाग को इस और अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

लेकिन धरातल लिए स्तर पर बात करें तो जहां पर इस हाई स्कूल में 281 दर्ज छात्रों की संख्या के बावजूद अतिरिक्त कक्ष में ठाकुरबर्रा खेल मैदान के समीप उप तहसील भवन की निकट हाई स्कूल संचालित किया जा रहा है, इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संवेदनशील कलेक्टर और प्रशासन को क्षेत्र वासियों ने स्कूल शिक्षक स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने निवेदन किया है, कि यदि दो अतिरिक्त कक्ष भी मिल जाए तो विद्यालय में छात्रों को बैठाने में आसानी होगी

छात्र-छात्राओं को होती है परेशानी

तस्वीरों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है, कि विद्यालय के बाहर पोर्च, बरामदे में फर्नीचर रखा हुआ है, जिस संदर्भ में क्षेत्रीय संवाददाता ने संबंधित विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रविंद्र क्षीरसागर से बातचीत किया तो पता चला कि हर वर्ष में नया फर्नीचर आवंटित होता है, हमारे विद्यालय में छात्रों को बैठाने में कक्षों का अभाव हैं,अभी भी हमारे विद्यालय में लगभग 281 छात्र छात्राएं हैं, इस वजह से फर्नीचर को हमें बाहर रखना पड़ रहा है। विद्यालय प्रांगण के सामने बहुत बड़ा खेल मैदान तो है लेकिन खुले आसमान के नीचे अगर फर्नीचर रखेंगे तो खराब होगा इसलिए बरामदे में रखा गया है, यदि हमारे विद्यालय को दो अतिरिक्त कक्ष मिल जाए तो हमें छात्र-छात्राओं को बैठाने में सुविधा होगी.

एक नजर में

9 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा आदिवासी दिवस

छपारा। आदिवासी समाज के गौरव और परंपराओं को सम्मान देने हेतु इस वर्ष आगामी 9 अगस्त दिन रविवार को छपारा नगर के कृषि उपज मंडी परिसर में भव्य रूप से विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को आदिवासी इतिहास,भाषा और संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों पर समाज में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इन बिंदु पर चर्चा की जाएगी जिसमें विश्व आदिवासी दिवस के महत्व पर चर्चा- जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संदेश,आदिवासी समाज के इतिहास, संस्कृति, भाषा और परंपराओं का परिचय, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक एकता पर विचार- शिक्षा, स्वास्थ्य,पोषण और आजीविका को लेकर जागरूकता सत्र, आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों एवं जननायकों को श्रद्धांजलि- लोकनृत्य,पारंपरिक वेशभूषा का प्रदर्शन और सामाजिक-आर्थिक-आध्यात्मिक-सांस्कृतिक उत्थान पर मंथन हुआ। आयोजकों ने समाज के सभी प्रबुद्धजन,अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, व्यवसायी और कृषक बंधुओं से कार्यक्रम में तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की है।

कांग्रेस समन्वय समिति की मासिक बैठक संपन्न

सिवनी। जिला कांग्रेस समन्वय समिति की मासिक बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री नरेश मरावी जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सिवनी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार, दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्षो को प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में व्यापक चर्चा की गई। समन्वय समिति की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रशिक्षण देने हेतु समितियों के गठन करने का निर्णय लिया गया।बैठक में प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल, विनोद वासनिक, हाजी मो. हनीफ खान, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, हाजी मो. असलम खान, मोहनसिंह चंदेल, सुरेन्द्र करोसिया, ब्रजेशसिंह बघेल, देवीसिंह चैहान, विष्णु करोसिया, आजम अनिल ठाकुर, अतुलचंद मालू, शिव सनोडिया, प्रकाशसिंह सूर्यवंशी, यशपालसिंह भलावी, हर्षवर्धनसिंह लकी बघेल, आदित्य सिंह मोन्टू भूरा, राकेश सनोडिया, देवेन्द्र ठाकुर, शिवदीप डहेरिया, आदि मौजूद रहे।

कलेक्टर ने किया भीमगढ़ बांध का निरीक्षण, मजबूत व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश

छपारा नवभारत। जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने गुरुवार को संजय सरोवर (भीमगढ़) बांध का निरीक्षण कर मानसून के दौरान जल प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और आपदा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जल स्तर की सतत निगरानी, कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित क्षेत्रों को समय पर सूचना देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि 30 जुलाई तक बांध का जल स्तर 516.70 मीटर तथा लाइव स्टोरेज 69.80 प्रतिशत है। वर्तमान में बांध के सभी गेट बंद हैं और जल निकासी नहीं की जा

रही है। कलेक्टर ने संभावित जल निकासी की स्थिति में बालाघाट, गोंदिया और भंडारा जिलों के साथ बेहतर समन्वय, सीसीटीवी कैमरों को पुन: चालू करने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने भीमगढ़ क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए व्यू-पॉइंट, पार्किंग, स्वच्छता, संकेतक बोर्ड और सुरक्षित भ्रमण मार्ग जैसी सुविधाओं की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, कार्यपालन यंत्री पी.एन. नाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भीमगढ़ डेम तक पहुंचने वाले मार्ग लंबे समय से जर्जर हैं तथा पर्यटकों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से पर्यटन विकास के लिए शीघ्र ठोस पहल किए जाने की मांग की है।

अमानक उर्वरक पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई

सिवनी। जिला स्तरीय दल ने गुप्त सूचना के आधार पर केवलारी विकासखंड के पलारी चौराहा स्थित संगम पैलेस मैरिज गार्डन में छापामार कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में अमानक उर्वरक जब्त किया। जांच में 240 बोरी 12 .32 .06 उर्वरक का अवैध परिवहन एवं विक्रय किया जाना पाया गया। यह उर्वरक भारद्वाज फर्टिकेम प्राइवेट लिमिटेड, पीथमपुर (धार) का था, जिसे अरुण ठाकुर, मयंक ठाकुर एवं अंकित ठाकुर द्वारा अवैध रूप से परिवहन एवं विक्रय किया जा रहा था। संबंधितों के साथ भारद्वाज फर्टिकेम प्राइवेट लि. के प्रतिनिधि समीर अली सैयद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई।

गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का सम्मान, गुरु-शिष्य परंपरा को किया नमन

चक्की खमरिया नवभारत। गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और गुरु पूर्णिमा का पर्व इसी गौरवशाली परंपरा के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। इसी उद्देश्य से 29 जुलाई को सरस्वती शिशु मंदिर चक्की खमरिया में जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति मर्यादित, सिवनी के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में दुर्गाशंकर श्रीवास्तव, विजय शुक्ला, अविनाश पाठक, के.के. शुक्ला, धन्नालाल गौर, गोकल प्रसाद यादव, उर्मिला यादव, सहप्रांत प्रमुख एवं जिला समन्वयक राजेंद्र जैन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्की खमरिया के प्राचार्य के.के. यादव, पंडित जवाहरलाल नेहरू विद्यालय के प्राचार्य अखिलेश तिवारी तथा सरस्वती शिशु मंदिर के

प्रधानाचार्य विनोद चौरसिया सहित समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहा। समारोह में विद्या भारती के 20 आचार्य-दीदी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चक्की खमरिया संकुल केंद्र के 30 शिक्षकों तथा तीन सेवानिवृत्त गुरुओं का श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह ने उपस्थित जनसमूह को गुरुजनों के प्रति आदर और सम्मान का संदेश दिया। समारोह में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, प्रबुद्धजनों, सरपंच, उपसरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया।

संस्कृति,संस्कार और शिक्षा के उद्गम स्थल है सरस्वती विद्या मंदिर : लक्ष्मी कश्यप

सिवनी नवभारत। गत दिवस सरस्वती विद्या मंदिर कोटरा में गुरुपूर्णिमा उत्सव एवं आचार्य सम्मान कार्यक्रम श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट डॉ. चंद्र बहादुर सिंह दांगी (पूर्व छात्र, सरस्वती शिशु मंदिर, झांसी, उत्तर प्रदेश) रहे। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त जीवन एवं राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के आचार्य परिवार का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सहभागिता एवं प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षक, उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

मप्र शिक्षक संघ के संभागीय प्रतिनिधिमंडल ने रखी मांगें

सिवनी नवभारत। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का संभागीय प्रतिनिधि मंडल संयुक्त संचालक शिक्षा उपाआयुक्त जनजातिविभाग एवं को लेखा अधिकारी से मिलकर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत

कराया मध्य प्रदेश शिक्षक संघ संभागीय कार्यकारिणी का प्रतिनिधि मंडल आज जबलपुर पहुंचकर संयुक्त संचालक शिक्षा घनश्याम सोनी से संपर्क किया जिसमें शिक्षकों की पदोन्नति समयमान वेतनमान द्वितीय एवं तृतीय क्रमो न्नति विषय पर गंभीरता से चर्चा की गई साथ ही वरिष्ठ के आधार पर जिन शिक्षकों के नाम पदोन्नति में छूट गए हैं उन पर भी चर्चा की गई इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल उपा आयुक्त जनजाति कार्य विभाग जबलपुर नरोत्तम बरकड़े से भेंट की। इस दौरान प्रस्ताव रखा गया कि पहले सहायक शिक्षक से उच्च शिक्षक की पदोन्नति प्रस्तावित की जाए साथ ही जनजाति कार्य विभाग में क्रमोन्नति वेतनमान पर भी चर्चा की गई जिस पर जनजाति कार्य उपायुक्त श्री बरकड़े ने शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करने की बात कही इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल कोष एंड लेखा के प्रमुख रोहित कौशल से भेंट की जिसमें जिसमें शिक्षा को के एरियर का भुगतान तथा सेवा पुस्तिका में बार-बार लगाई जाने वाली आपत्तियों पर चर्चा की जिस पर कोष लेखा अधिकारी द्वारा तत्काल कार्यवाही प्रस्तावित करके शिक्षकोंकी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की बात कही गई। प्रतिनिधि मंडल में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय सह संगठन मंत्री नंद कुमार शुक्ला आखिल भारतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ विजय शुक्ला संभागीय अध्यक्ष तोरणलाल पररतेती, संभाग सचिव राजकुमारी गुप्ता मैडम तथा छिंदवाड़ा जिला के जिला अध्यक्ष संजय नागदोने ने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व किया ।

ताख़ला में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, भक्तों ने ली गुरु दीक्षा

सिवनी नवभारत। आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम ताख़ला में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ताख़ला में शिष्यों का भारी मेला देखने को मिला। छत्तीसगढ़, रायपुर सहित पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पंडित सुनील शास्त्री महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। तड़के से ही गुरु वंदना, भजन-कीर्तन और महाआरती का क्रम चलता रहा, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया। गुरु दक्षिणा में समर्पित किए वृक्ष इस बार का गुरु पूर्णिमा उत्सव पर्यावरण संरक्षण

की एक नई मिसाल बनकर उभरा। रायपुर और महाराष्ट्र से आए शिष्यों ने अपने आराध्य पंडित सुनील शास्त्री जी महाराज को गुरु दक्षिणा के रूप में पौधे (वृक्ष) भेंट किए। शिष्यों की इस अनूठी और पर्यावरण-प्रेमी गुरु दक्षिणा की सभी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। एक पेड़ मां के नाम का दिया संदेश श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पंडित सुनील शास्त्री महाराज ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊपर माना गया है। पर्यावरण की रक्षा को वर्तमान समय की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए महाराज जी ने सभी भक्तों को एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश दिया। उन्होंने प्रत्येक शिष्य से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया। अंत में विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया।

ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

उगली नवभारत। थाना उगली के ग्राम पिपरिया के पिपरिया टोला में गत दिवस एक दर्दनाक हादसा हो गया, पुलिस थाना प्रभारी दयाराम शरणागत ने जानकारी दिया कि पिपरिया टोला में 42 वर्षीय युवक जो अपने ससुर के खेत में ट्रैक्टर से चलाते समय, कल्टीवेटर में धान रोपा नाले के किनारे किनारे ले जा रहा था. जो बरसात के कारण दलदल में तब्दील मार्ग पर मिट्टि धंसने से नाले में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया,घटना में उक्त युवक की मौत हो गई. मृतक का नाम मोहन पिता गोविंद सिंह उइके निवासी पिपरिया टोला बताया जा रहा है,

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाया व पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा, फिलहाल खरीफ फसल की धान रोपाई का कार्य प्रगति पर है,बरसात के चलते ट्रैक्टर या अन्य कृषि उपकरण किसानों को सावधानी पूर्वक इस्तेमाल करना चाहिए।

लखनवाड़ा के एकीकृत माध्यमिक विद्यालय में चला नशामुक्ति जागरूकता अभियान

सिवनी नवभारत। लखनवाड़ा अंतर्गत एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला, चनगढ़ी (गोपालगंज) में पुलिस विभाग द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया गया। इस दौरान हमारा है यही संदेश, नशा-मुक्त हो मध्यप्रदेश का नारा लगाकर सभी को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा उपस्थित ग्रामीण नागरिकों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली। कार्यक्रम के समापन पर थाना लखनवाड़ा के अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को कॉपियां, पेन एवं टॉफियों का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधान पाठक रामस्वरूप चौरसिया ने पुलिस विभाग द्वारा संचालित इस जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक नरेंद्र बिसेन, हंसराज सिंह वंशतिलक, रविशंकर पंचेश्वर, ग्रामवासी बलराम चन्द्रवंशी तथा प्रमिला भैय्या सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

विरोध | **सरपंच, सचिव और रोजगार सहायकों ने कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ व एसपी को सौंपा ज्ञापन**

सीएम हेल्पलाइन के कथित दुरुपयोग का लगाया आरोप

कुरई नवभारत। जनपद पंचायत कुरई के सरपंच, पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के संयुक्त मोर्चा ने बुधवार को कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा पुलिस अधीक्षक सिवनी को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि कुछ पत्रकारों एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 का कथित रूप से दुरुपयोग किया जा रहा है, जिससे पंचायत प्रतिनिधियों और कर्मचारियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव बन रहा है।

संयुक्त मोर्चा ने ज्ञापन में कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सरपंच, सचिव और

ग्राम रोजगार सहायक पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ करते हैं। इसके बावजूद कुछ व्यक्तियों द्वारा लगातार शिकायतें दर्ज कराकर कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को प्रताड़ित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे विकास कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ज्ञापन के अनुसार, लगभग 25 से 30 शिकायतकर्ताओं द्वारा अब तक कुल 1969 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। इनमें से 1511 शिकायतों का संतोषजनक निराकरण किया जा चुका है, जबकि 80 शिकायतें फोर्स क्लोज की गई हैं। मोर्चा का आरोप है कि कई शिकायतें व्यक्तिगत मांगों पर आधारित होती हैं। मांग पूरी होने के बाद शिकायतें वापस ले ली जाती हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर नई शिकायतें दर्ज करा दी जाती हैं, जिससे पंचायतों का नियमित कार्य प्रभावित हो रहा है।

संयुक्त मोर्चा ने यह भी दावा किया कि अनेक शिकायतकर्ता कुरई विकासखंड के निवासी नहीं हैं, बल्कि सिवनी, बरघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर और बालाघाट सहित अन्य क्षेत्रों से शिकायतें दर्ज कर रहे हैं। उनका कहना है कि ऐसे कई लोगों ने संबंधित ग्राम पंचायतों का दौरा तक नहीं किया, फिर भी शिकायतें दर्ज कराई जा रही हैं।

निष्पक्ष जांच की मांग

ज्ञापन में प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, कथित फर्जी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायतों की पहचान करने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही, सीएम हेल्पलाइन जैसी महत्वपूर्ण जनहितकारी शिकायत निवारण व्यवस्था के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रभावी तंत्र विकसित करने का भी आग्रह किया गया। इस ज्ञापन पर ग्राम रोजगार सहायक संगठन ब्लॉक शाखा कुरई के अध्यक्ष पेरवन पटवा, पंचायत सचिव संगठन के अध्यक्ष किशोर दांडेकर तथा पंचायत सरपंच संगठन के अध्यक्ष धनराज कर्वेती एव सचिव सरपंच रोजगार सहायक संगठनों के द्वारा शिकायत की गई है।

शिक्षा की गुणवत्ता, नामांकन और योजनाओं की प्रगति पर हुआ मंथन

छपारा नवभारत। विकासखंड शिक्षा कार्यालय में गुरुवार को बीआरसीसी की अध्यक्षता में समस्त जनशिक्षकों, बीआरसीसी एवं कार्यालयीन कर्मचारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्र हित की योजनाओं और विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत पाठ्यपुस्तक वितरण, नामांकन, ट्रांजिशन लॉस रोकने, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की संख्या शून्य करने, अपार आईडी निर्माण, यू-डायस में विद्यार्थियों का प्रोग्रेशन एवं आधार अपडेट जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। साथ ही चाइल्ड ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से लक्ष्य पूर्ति, लंबित अपार-10 प्रकरणों का निराकरण, साक्षरता कार्यक्रम, उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान, स्वस्थ

मेंटरिंग, विद्यालय निरीक्षण तथा विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में आंगनवाड़ी समीक्षा, साइकिल एवं गणवेश वितरण, ओलंपियाड, NMMS, जवाहर नवोदय विद्यालय, इंस्पायर अवॉर्ड पंजीयन, KGBV एवं बालिका छात्रावास में ऑनलाइन प्रवेश, बाढ़ आपदा प्रबंधन, विद्यालयों की सुरक्षा, हाईटेंशन लाइन सत्यापन, पानी की टंकियों की सफाई एवं क्लोरीनेशन, CWSN विद्यार्थियों का पंजीयन, जर्जर भवनों में विद्यालय संचालन नहीं करने, जादुई पिटारा वितरण, एजुकेशन पोर्टल अपडेट, RTE फीस प्रतिपूर्ति, तथा रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अंत में सभी विषयों के लिए अधिकारियों को जनशिक्षा केंद्रवार जिम्मेदारियां सौंपते हुए प्रतिदिन रिपोर्टिंग एवं दैनिक फॉलो-अप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि सभी विभागीय लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके।